## न्यूज ब्रीफ

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत

**संभल/ रजपुरा, अमृत विचार :** गांव बहट रसूलपुर के निकट दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में गांव सिंघौली पूर्वी निवासी विजेंद्र (40) पुत्र महावीर की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पत्नी कुसुम भी हादसे में घायल हो गईं। दूसरी बाइक पर सवार गांव हिरौनी निवासी योगेंद्र पुत्र महेंद्र सिंह और गांव के ही जगतपाल पुत्र अतर सिंह भी घायल हुए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने विजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। योगेंद्र की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ के लिए रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों का उपचार जारी है।

### रॉड से सिर पर किया वार, आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम मऊ लाइनपार निवासी ममता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार की रात करीब 10 बजे उनके पति विशाल काम से घर से बाहर निकले थे। आरोप है कि उसी दौरान पड़ोसी रवि पुत्र दिनेश ने पति के सिर पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला किया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गया। सिविल लाइन थाना के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज उसे जेल भेज दिया।

### जान से मारने की नीयत से चाकू से किया हमला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला करने और गाली-गलौज करने के मामले में पुलिस ने एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को मझोला थाना प्रभारी आरपी सिंह ने बताया कि पीड़ित तालिब हुसैन पुत्र कदीर निवासी जयंतीपुर थाना मझोला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि आरोपी शबाना पत्नी सलीम निवासी जयंतीपुर ने जान से मारने की नीयत से उनके सिर पर चाकू से वार किया। साथ ही गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने नामजद आरोपी शबाना को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश भी की जा रही है।

# नियमों के उल्लंघन में 10 बसें सीज, निरस्त होगा पंजीकरण

## चालकों का लाइसेंस भी किया जाएगा निरस्त, त्योहार पर क्षमता से अधिक सवारियां भरकर ले जा रहीं बसों पर कार्रवाई

- मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर क्षेत्र में संयुक्त चेकिंग अभियान में की गई कार्रवाई

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग यादव के निर्देशन में यात्रियों को सुरक्षित सफर के लिए मंडल में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें रामपुर, अमरोहा और बिजनौर डिपो के एआरएम सहित परिवहन विभाग की संयुक्त टीम शामिल रही।

मंगलवार को क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग यादव ने बताया कि सुबह लगभग सात बजे से सघन चेकिंग शुरू की गई, जिसमें मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जा रही निजी बसों की विशेष रूप से जांच की गई। इस दौरान कई बसों में क्षमता से अधिक सवारियां भरी हुई पाई गईं। टीम ने नियमों का उल्लंघन करने पर दो डबल डेकर और पांच साधारण बसों को रोककर सीज कर दिया। सभी सातों बसों को आगे की कार्रवाई के लिए कटघर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। इसके बाद संभागीय परिवहन विभाग की ओर बसों के पंजीकरण और चालकों ने लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। जांच के दौरान पाया गया कि दोनों डबल डेकर बसों में निर्धारित क्षमता से लगभग 150 से अधिक अतिरिक्त सवारियां बैठाई गई थीं। इससे यात्रियों की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा था। चेंकिग टीम ने इसे मोटर वाहन अधिनियम का खुला उल्लंघन बताया। इसी क्रम में अमरोहा क्षेत्र में भी दो डबल डेकर बसों और रामपुर में एक डबल डेकर बसों को क्षमता से अधिक सवारियों के साथ पकड़ा गया। जिन्हें मौके पर ही सीज कर संबंधित थानों में खड़ा करा दिया है। अभियान के दौरान बसों में मौजूद यात्रियों को असुविधा न हो, इसके लिए रोडवेज की बसों की व्यवस्था कर उन्हें सुरक्षित रूप से उनकी मंजिल तक पहुंचाया गया। अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और किसी भी स्थिति में ओवरलोडिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने चेतावनी दी कि आगे भी औचक निरीक्षण कर और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



कटघर थाने के सामने डबल डेकर बस पकड़े जाने बाद नीचे खड़े यात्री। ● अमृत विचार



पीतल नगरी डिपो पर निर्देश देते आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज। ● अमृत विचार

## रोडवेज चालकों का कराया ब्रीथ एनलाइजर टेस्ट

- आरटीओ प्रवर्तन ने पीतल नगरी डिपो पर दिए सुरक्षा के निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** त्योहारों के मद्देनजर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। आरटीओ प्रवर्तन की टीम ने मंगलवार को रोडवेज के पीतल नगरी डिपो पर विशेष अभियान चलाकर चालकों का ब्रीथ एनालाइजर से परीक्षण कराया। बस चालकों की जांच की गई। यह सुनिश्चित किया कि कोई भी चालक नशे की हालत में वाहन न चलाए।

आरटीओ प्रवर्तन संदीप पंकज ने बताया यदि कोई चालक शराब या अन्य नशीले पदार्थ के सेवन की स्थिति में वाहन चलाते पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिसमें लाइसेंस निलंबन और विभागीय कार्रवाई शामिल होगी। चालकों को निर्देश दिए कि वे नशे की हालत में किसी भी स्थिति में बस का संचालन न करें। साथ ही उन्हें सड़क किनारे अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। कहा कि त्योहारों के दौरान यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है, ऐसे में चालकों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। लापरवाही न केवल यात्रियों की जान जोखिम में डाल सकती है, बल्कि कार्रवाई का कारण भी बन सकती है।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**संभल अमृत विचारः** बहजोई थाना क्षेत्र के एक गांव में शराब के नशे में पत्नी से विवाद के बाद 27 वर्षीय युवक ने अपने ही घर के कमरे में फंदे पर लटक कर जान दे दी।

परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि सोमवार शाम बेटा शराब के नशे में किसी बात को लेकर पत्नी से झगड़ा करने लगा और मारपीट पर उतारू हो गया। देर रात युवक ने घर के कमरे में रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे जब कमरे का दरवाजा खोला गया तो युवक का शव फंदे से लटका मिला।

परिजनों शव उतार कर पुलिस को सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों का कहना है कि युवक आए दिन शराब पीकर पत्नी और बच्चों से झगड़ा करता था। कोतवाली प्रभारी संत कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में कोई सूचना नहीं मिली है।

## मुरादाबाद से बरेली सिक्स लेन की टेंडर प्रकिया पूरी, जल्द होगा निर्माण

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से मुरादाबाद से बरेली सिक्स लेन निर्माण की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। वहीं फोरलेन बनने से संभल से अनूपशहर तक आवागमन और सुगम होगा। मार्च के अंत में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

मंगलवार को एनएचएआई के साइट इंजीनियर शांतनु सिंह ने बताया कि मुरादाबाद से बरेली सिक्स लेन के निर्माण की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। संभल मार्ग से लेकर अनूपशहर तक फोरलेन बनने से यातायात सुगम होगा। कंपनियों के साथ एस्टीमेट व टेंडर प्रक्रिया में समय लग रहा था। अब सारी कागजी औपचारिकता पूरी कर ली गई है। वहीं मुरादाबाद से बरेली तक राष्ट्रीय राजमार्ग को सिक्स लेन बनाने की लिए कार्यदायी संस्था की ओर से टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। एस्टीमेट की पहली किस्त मार्च के महीने में कार्यदायी संस्था को मिलने की संभावना है। इस दोनों परियोजनाओं से आवागमन तेज होगा। जिससे जाम की समस्या दूर होगी और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## कई ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि 20503 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में डिब्रूगढ़ से 15 मार्च तक अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं। 20504 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस में 18 मार्च तक अतिरिक्त कोच लगेंगे। 20505 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में 6, 9 और 13 मार्च को, 20506 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस में नई दिल्ली से 8, 12 और 15 मार्च को अतिरिक्त कोच लगेंगे।

# पत्नी को होली की खरीदारी कराके पति ने लगाया फंदा

**संवाददाता, सैफनी (रामपुर)**



मृतक सोनू।



रोते बिलखते मृतक सोनू के परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के पट्टी फाजिलाबाद गांव में पत्नी को होली खरीदारी कराके आए मजदूर ने फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

पट्टी फाजिलाबाद गांव निवासी मेघ सिंह का पुत्र सोनू (28) पत्नी रजनी व अन्य परिजनों के साथ मुरादाबाद के थाना कुंदरकी के जैतवाड़ा गांव के भट्टे पर मजदूरी का काम करता था। सोमवार को वह होली को लेकर अपनी बहन रिंकी के साथ घर पहुंचा था। बाकी परिजन भट्टे पर थे और पत्नी अपने मायके में थी। पत्नी को होली की खरीदारी कराके वापस लौटा था। घर पर दोनों भाई और बहन अकेले थे। बताया कि रात को किसी समय सोनू बंद कमरे में छत की कड़ी में रस्सी डालकर फंदे पर झूल गया। मंगलवार सुबह 7 बजे के समय बहन रिंकी ने जाली का कपड़ा हटाकर देखा तो सोनू का शव फंदे से लटका हुआ था। इसके बाद उसने चीख पुकार मच गई। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। परिवार के लोग होली की तैयारी कर रहे थे, लेकिन होली की खुशी मातम में बदल गई। सोनू की शादी 5 वर्ष पूर्व सिसौना गांव की रजनी से हुई थी। उसके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा रचित है जिसकी उम्र 4 वर्ष, जबकि छोटे की पुत्र शरद 3 साल का है।

# होली पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस व पीएसी की नजर, रंगरूट भी तैनात

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** होली को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। लगभग 200 से 250 नए रंगरूटों को विभिन्न थाना और कोतवाली क्षेत्रों में भेजा गया है। संवेदनशील क्षेत्रों पर पुलिस की नजर है।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि प्रत्येक थाना और कोतवाली क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में मंगलवार सुबह से ही नए रंगरूटों की ड्यूटी लगा दी गई। इन जवानों को विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले स्थानों, प्रमुख चौराहों और रंगों के जुलूस निकालने वाले मार्गों पर तैनात किया गया है। जिले को 12 जोन और 19 सेक्टरों में विभाजित किया है। प्रत्येक जोन और सेक्टर की जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी गई है, जो लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल और पीएसी की तैनाती की गई है। होली के दौरान निकलने वाले जुलूसों पर विशेष नजर रखी जाएगी। । उन्होंने बताया कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार गश्त की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है, ताकि कोई भ्रामक या आपत्तिजनक संदेश प्रसारित न हो सके।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

### खोने की सूचना

मेरी मूल माइग्रेशन (Migration) सर्टिफिकेट, जो महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा सत्र 2009-10 में जारी की गई थी (B.Sc. Part 3rd) 2008 रोल नं. 731161,- Enrollment N. 0545245, हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद, कहीं गुम हो गई है। मिलने पर कृपया सूचित करें। दुरुपयोग हेतु मैं उत्तरदायी नहीं रहूँगा। संपर्क : सुरेश कुमार, मो. 9457942195

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

### कार्यालयः ग्राम पंचायत - भायपुर, वि0ख0 - मूढापाण्डे (मुरादाबाद)

पत्रांक- मीमो/ मनरेगा निविदा पत्रावली /2025-26 दिनांक- 01.03.2026

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भायपुर में महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्राम निधि से वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने के लिए उच्चकोटि की निम्नलिखित तालिका में अंकित सामग्री की आपूर्ति मॉग के अनुसार निर्माण स्थल पर करने हेतु मोहरबन्द निविदाए पृथक-पृथक दिनांक-03.03.2026 से दिनांक-10.03.2026 की अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 10.03.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय- भायपुर में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते दिनांक-10.03.2026 की अपरान्ह 11.00 बजे तक तक किसी भी कार्यालय दिवस में संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय- भायपुर से क्रय कर वहां रखे निविदा बॉक्स में जमा कर सकते है। सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। उपरोक्तानुसार निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम सचिव, ग्रा0प0 भायपुर में निहित होगा।

| क्र. | | Name of Item | धरोहर राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. नवी अहमद के प्लाट से हमीद के घर तक सीसी टाईल्स कार्य | CEMENT, 2.25FM COARSE SAND, 40MM BRICK BLAST, 20MM STONE GRIT. M-150 CLASS BRICK, TOR STEEL | रु. 35000.00 | रु. 100.00 |
| 2. | मोर सिंह के घर से मैन रास्ते व चन्द्रपाल के घर तक नाली व सीसी टाईल्स कार्य | | | |
| 3. | मौ. अली ठेकेदार के घर से मैन रास्ते तक नाली व सीसी टाईल्स कार्य | | | |
| 4. | अफजलपुर में चमुन्डा के सामने से नक्शे के घर तक नाली व सीसी टाईल्स कार्य | | | |
| 5. | प्रेमसिंह के घर से योगेश के घर व छत्रपाल के और सुग्रीव के घर तक नाली व सीसी टा. कार्य | | | |
| 6. | मेहम्दीनगर में मन्दिर के सामने से मंगली के घर की ओर मैन रास्ते तक नाली व सीसी टा. कार्य | | | |

ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत भायपुर वि0ख0 - मूढापाण्डे (मुरादाबाद)

## दूषित हुई महानगर की हवा सूचकांक बता रहा खतरा

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- महानगर के सभी प्रमुख क्षेत्रों में एक्यूआईए खराब श्रेणी में दर्ज

**अमृत विचारः** सोमवार रात कई स्थानों पर होलिका दहन के बाद महानगर की हवा प्रदूषित हो गई। महानगर के कई प्रमुख क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। इससे अस्थमा व सांस संबंधित बीमारियों के मरीजों को दिक्कत हुई।

मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक का औसत 133 रहा जो खराब श्रेणी में माना जाता है। चक्कर की मिलक क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक 131, चौधरपुर में 136, हरथला में 129, हयात नगर में 134, कांशीराम नगर में 134, खुशहालपुर में 134, कोठीवाल नगर में 144, लाजपतनगर में 134, दिल्ली रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में 126 वायु गुणवत्ता रिकॉर्ड किया गया। इन सभी स्थानों की वायु प्रदूषित होने से खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। नगर निगम के पर्यावरण अभियंता अभिषेक कुमार का कहना है कि जिस क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर अधिक होता है वहां पर वाटर स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव कराया जाता है। महानगर की प्रमुख सड़कों व पॉश कॉलोनियों के आसपास वाटर स्प्रिंकलर से प्रतिदिन छिड़काव कराया जाता है। इसके अलावा शहर की सड़कों की मैकेनिकल स्वीपिंग भी कराई जाती है। ग्रीन बेल्ट का दायरा भी बढ़ाया जा रहा है। लोगों से अपील है कि वह प्रदूषण फैलाने वाले कारणों से बचें। पर्यावरण संरक्षण में नगर निगम के प्रयासों को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएं।

### सूचकांक की कैटेगरी

- 0-50 खराब
- 50-100 मॉडरेट
- 100-150 पूअर (खराब)
- 150-200 अनहेल्दी



# आज उड़ेगा रंग-गुलाल, मस्ती करेंगे होरियार

## रंग गुलाल, पिचकारी, मुखौटे देर रात तक खरीदते रहे लोग, किराना सामग्री, मावा, कपड़े भी0 खरीदे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** होली पर आज बुधवार को जिले में रंग गुलाल उड़ेगा। होरियारों की टोली जमकर मस्ती करेगी। फगुआ गीतों पर ढोल की थाप पर लोग थिरकते हुए एक दूसरे को रंगों से सराबोर करेंगे। हर्षोल्लास व पारंपरिक उत्साह के साथ लोगों ने होली के लिए नये कपड़े, किराना की सामग्री, मावा, मिष्ठान और रंग गुलाल आदि की खूब खरीदारी की। सुबह से लेकर रात तक दुकानें खुली रहीं।

होली पर रंग गुलाल होलिका दहन के दिन से चटख हो गया है। होलिका दहन के बाद लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक पर्व की शुभकामनाएं दी थीं। इसके बाद मंगलवार को लोग होली मनाने के लिए तैयारी में जुटे रहे। हरथला, गुरहट्टी, गंज बाजार, डिप्टीगंज, नवीननगर, बुद्धि विहार, स्टेशन रोड, कटघर के अलावा अन्य

- हर ओर होली का चढ़ा रंग, खरीदारी के लिए बाजार में उमड़े ग्राहक

बाजारों में सुबह से लेकर रात तक रंग गुलाल, मावा, मिठाई, सूजी, मैदा, तेल, रिफाइंड के अलावा अन्य घरेलू प्रयोग के सामानों की खरीदारी की। ब्रांडेड शोरूम और कपड़े की अन्य दुकानों पर भी ग्राहकों की खूब भीड़ रही। बाजार में दुकानों के आगे अस्थायी स्टॉल लगाकर दुकानदारों ने रंग, गुलाल, मुखौटे, बैलून, हर्बल गुलाल आदि की खरीदारी कर पूरे उमंग के साथ होली मनाने में जुटे रहे। बाजार में भीड़ के चलते कई बार जाम भी लगे। जिसे सुचारू कराने में यातायात पुलिस कर्मियों के पसीने छूटे। चौक चौराहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि होली उल्लास व उमंग का त्योहार है। एक दूसरे के साथ पारस्परिक सौहार्द और भाईचारे के साथ होली की खुशियां मनाएं। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।


दुकान पर पिचकारी खरीदता युवक। ● अमृत विचार


बुद्धि विहार में होली खेलती बच्चियां। ● अमृत विचार

### सफाई और 24 घंटे जलापूर्ति के लिए लगी कर्मचारियों की ड्यूटी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** होली पर महानगर में सफाई और 24 घंटे जलापूर्ति के लिए नगर निगम प्रशासन ने तैयारी की है। अवकाश के दिन भी निगम के अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय हैं। कंट्रोल रुम को सक्रिय किया गया है। जिससे किसी भी असुविधा की स्थिति में नागरिक शिकायत कर सकें। होली पर पेयजल की किल्लत न हो इसके लिए नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने जलकल के अधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया है। उन्होंने सभी पंपिंग स्टेशनों पर कर्मचारियों को सक्रिय रहने और वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था करने के लिए भी कहा है। उन्होंने इसके अलावा त्योहार के दिन सफाई व कूड़ा उठाने के लिए भी सचल दल को निगरानी करने के लिए कहा है। होली को देखते हुए निगम के अधिकारियों की छुट्टियां रद कर दी गई है। नगर आयुक्त ने कहा कि निगम के अधिकारियों को अपने जोन में सक्रिय रहने के लिए कहा है। कहीं से लापरवाही की शिकायत मिलेगी तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगी।

- असुविधा की स्थिति में नगर निगम के कंट्रोल रूम में कर सकते हैं शिकायत



इफ्तार
बुधवार
सुन्नी : 06 : 19
शिया : 06 : 30

सहरी
गुरुवार
सुन्नी : 05 : 12
शिया : 05 : 09

### त्योहारों में भी नहीं ठीक हुई सड़कें, लोग परेशान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रमजान व होली पर लोगों को सड़क के गड्ढों में हिचकोले खाने पड़ रहे हैं। इससे हादसे भी हो रहे हैं। महानगर के आशियाना फेज एक, फेज दो के अलावा रामगंगा विहार, बुद्धि विहार, जिगर कॉलोनी, खुशहालपुर सहित कई अन्य कॉलोनियों व प्रमुख सड़कें टूटी हैं। सामान्य यातायात के अलावा इन सड़कों से एंबुलेंस, स्कूल वाहन आदि भी गुजर रहे हैं। जिससे मरीजों की जान भी मुश्किल में पड़ रही है। खुशहालपुर, आशियाना फेज एक की टूटी सड़कों की पैच मरम्मत छह महीने पहले हुई लेकिन इतने कम समय में सड़कें फिर गड्ढों में तब्दील हो गईं। इससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहा है।

# आज अलर्ट रहेगी जिला अस्पताल की इमरजेंसी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** होली के अवकाश के दिन भी जिला अस्पताल की इमरजेंसी में चिकित्सा सुविधाएं 24 घंटे मौजूद रहेंगी। डॉ. शम्स अनवर खां सहित कई चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा सर्जन, आर्थो, नेत्ररोग, त्वचा रोग के चिकित्सक व इंटर्न भी ड्यूटी करेंगे। जिससे होली के हुड़दंग में यदि कोई आकस्मिकता होती है तो मरीजों का इलाज हो सके।

चार मार्च को होली अवकाश है। इस दिन जिला अस्पताल की ओपीडी पूरी तरह बंद रहेगी। केवल आपातकालीन चिकित्सा सेवा (इमरजेंसी) मरीजों को मिलेंगी। इसके लिए 24 घंटे के लिए शिफ्टवार चिकित्सकों, फार्मासिस्ट और स्टाफ नर्स की ड्यूटी लगाई गई है। होली खेलने के दौरान आंखों व त्वचा को रंगों से नुकसान की स्थिति में जिला अस्पताल की इमरजेंसी में इलाज मिलेगा। जिला अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि इमरजेंसी में 24 घंटे चिकित्सा सुविधा मिलेगी। आर्थो, सर्जरी, नेत्र रोग, त्वचा व एक जनरल फिजिशियन की भी इमरजेंसी ड्यूटी लगाई गई है। एंबुलेंस भी मौजूद रहेगी।

### हस्तशिल्प: 6,000 करोड़ का कारोबार प्रभावित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच मुरादाबाद के पीतल और हस्तशिल्प उद्योग पर खतरा मंडरा रहा है। 6,000 करोड़ का वार्षिक बाजार प्रभावित हो रहा है। मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट्र्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नावेद उर रहमान का कहना है कि खाड़ी क्षेत्र में अस्थिरता से ऑर्डर होल्ड हो गए हैं। यदि युद्ध लंबा खिचा तो निर्यातकों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि कंटेनर शिपिंग पर आपात सरचार्ज लग रहा है। जिससे लागत बढ़ रही है। अमेरिका-इजरायल, ईरान युद्ध का परिदृश्य बढ़कर अन्य कई देशों तक फैल गया है। इससे समुद्री मार्गों पर जोखिम के कारण कंटेनर अटके हैं। खरीदार नये आर्डर नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में सरकार से मांग है कि निर्यातकों को लॉजिस्टिक्स, बीमा और ऑर्डर सुरक्षा में मदद करे, जिससे देश का हस्तशिल्प उद्योग वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान मजबूत रख सके।

# फूड सेफ्टी विभाग ने टेम्पटेशन बेकरी का गोदाम किया सीज

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

**अमृत विचारः** फूड सेफ्टी विभा की टीम ने मंगलवार को शहर के नामचीन प्रतिष्ठान टेम्पटेशन बेकरी के गोदाम (फैक्ट्री) पर बड़ी छापेमार कार्रवाई की। यह कार्रवाई सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के कांठ रोड स्थित गोदाम में की गई, जहां टीम ने जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं पाई।

बताया जा रहा है कि वेज बेकरी उत्पादों की बिक्री करने वाले प्रतिष्ठान के गोदाम से चिकन पाउडर बरामद हुआ है। इसके अलावा भारी मात्रा में एक्सपायरी फूड प्रोडक्ट्स भी मिले हैं। टीम ने मौके पर ही गोदाम के कई हिस्सों को सीज कर दिया। कार्रवाई के दौरान एक दर्जन से अधिक खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए लैब भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, लैब रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


छापेमारी के दौरान जांच करते अधिकारी।

- वेज बेकरी उत्पादों वाले प्रतिष्ठान के गोदाम से चिकन पाउडर मिला

इस संबंध में असिस्टेंट कमिश्नर टीटी अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया कि खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की शिकायत मिलने पर यह कार्रवाई की गई है। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि हाल ही में जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है, जिससे मिलावटी और मानकहीन खाद्य पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने की कोशिश की जा रही है।

### शिक्षिका पर तमंचा तान जान से मारने की धमकी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शिक्षिका के साथ छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया। शिक्षिका ने बताया कि सुमित काफी समय से उससे छेड़छाड़ करता है और मोबाइल पर भी धमकी भरे संदेश भेजता था। उसने अपने माता पिता को जानकारी दी। परिजनों ने आरोपी के परिजनों से शिकायत की थी। आरोपी पक्ष ने ऐसी हरकत न होने का आश्वासन दिया था। 27 फरवरी को शिक्षिका अपनी बहन के साथ स्कूल से आ रही थी। रास्ते में सुमित ने उसे रोक लिया और कनपटी पर तमंचा रखकर जान से मारने की धमकी दी। शिक्षिका के शोर मचाने पर लोग पहुंच गए तो आरोपी भाग निकला। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# चंद्रग्रहण: मंदिरों में आरती के बाद बंद हुए कपाट

- दोपहर 3:21 मिनट पर लगा चंद्रग्रहण, शाम 6:47 बजे हुआ समापन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** होली के एक दिन पहले इस साल का पहला चंद्रग्रहण लगा। सूतक लगने के नौ घंटे पहले मंदिरों में तय समय से पहले ही प्रातःकालीन आरती कर कपाट बंद कर दिए गए। शाम 6:47 पर चंद्रग्रहण की समाप्ति के बाद मंदिर दर्शन पूजन के लिए खुला। लोगों ने पूजा अर्चना कर अपने आराध्य देवी देवताओं से सुख समृद्धि, बेहतर स्वास्थ्य और लोक कल्याण की प्रार्थना की।

सिद्धपीठ नौ देवी श्री काली माताजी मंदिर लाल बाग के महंत रामगिरि जी महाराज ने बताया कि चंद्रग्रहण मंगलवार दोपहर 3 बजकर 21 मिनट से प्रारंभ होकर शाम को 6 बजर 46 मिनट पर समाप्त हुआ।

इसके नौ घंटे पहले चंद्रग्रहण का सूतक काल 9 घंटे पहले शुरू हुआ। सूतक लगने से पहले ही स्नान आदि कर लोगों ने अपने ईष्ट का श्रृंगार कर उन्हें भोग लगाया। खुद भी भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

उन्होंने बताया कि चंद्रग्रहण के दौरान हरि नाम के स्मरण से सभी संकट दूर होते हैं। चंद्रग्रहण का समापन 6 बजकर 47 मिनट पर हआ। मंदिरों की साफ सफाई कर संध्या कालीन आरती के लिए कपाट खोले गए।

लालबाग काली मंदिर में संध्या कालीन आरती 7ः 30 बजे की गई। आस्थावानों ने मंदिर व घरों में अपने आराध्य का दर्शन पूजन किया। 4 मार्च बुधवार को रंगों की होली खेलेंगे।


मुरादाबाद में चंद्र ग्रहण का नजारा।


सूतक लगने के कारण बंद मनोकामना श्री हनुमान मंदिर के कपाट। ● अमृत विचार









**इफ्तार**
4 मार्च
सुन्नी: 06.20
शिया: 06.29

**सहरी**
5 मार्च
सुन्नी: 05.03
शिया: 05.04

## ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पराली से लदी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सवारियों से भरी ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद रिक्शा में सवार यात्रियों ने कूदकर जान बचाई। क्षेत्र के गांव नगरिया कलां निवासी ई-रिक्शा चालक खलील मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे धावनी हसनपुर गांव से तीन बच्चों समेत पांच सवारियों को भरकर पटेल चौक पर ला रहा था। इस दौरान केमरी मार्ग पर पराली लदी ट्रैक्टर ट्रॉली ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। गनीमत रही कि सभी ने ई-रिक्शा से कूदकर जान बचाई। लोगों बताया कि यदि लोग कूदते नहीं तो बडा हादसा हो सकता था।

# रोडवेज बसों और ट्रेनों में भारी भीड़

### होली के त्योहार पर घरों को जा रहे हैं लोग, रेलवे ने चलाईं 5 होली स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अपनों के साथ होली के रंग खेलने के लिए लोगों ने मंगलवार को भी सफर किया। होली पर रोडवेज बसों और ट्रेनों में भारी भीड़ रही। कई ट्रेनें लेट होने के कारण लोगों को रेलवे स्टेशन पर इंतजार करना पड़ा।

मंगलवार को भी बसों और ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ने से मारामारी शुरू यात्रियों को खड़े होने तक की जगह नहीं मिल पाई। इस कारण यात्रियों को डग्गामार व निजी वाहनों में सफर करने को मजबूर होना पड़ा। हालांकि रेलवे ने 5 होली स्पेशल ट्रेन चलाई हैं। होली पर्व पर यात्रियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद पर परिवहन निगम के अधिकारियों ने रूटों पर बसों की संख्या व फेरे बढ़ाए जरूर है, मगर यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण बसों व ट्रेनों में काफी भीड़ रही। रोडवेज बस नहीं मिलने और ट्रेन छूट जाने के बाद लोगों ने डग्गामार वाहनों में सफर किया। रोडवेज बस स्टैंड, नैनीताल रोड, रेलवे स्टेशन के सामने, हाईवे स्थित मैथोडिस्ट चर्च के सामने के सामने थ्री व्हीलर और फोर व्हीलर में बैठकर लोगों ने सफर किया। सड़कों पर यात्री बसों के कंडक्टर से पूछते रहे कि बस कहां जा रही है। गंतव्य की ओर नहीं जाने वाली बस के नहीं मिलने पर दूसरी बस की ओर दौड़ पड़ते थे। लोगों ने बताया कि भीड़ होने के कारण निजी वाहन चालकों ने भी किराया बढ़ा दिया।



ट्रेन के इंतजार में रेलवे स्टेशन पर बैठे यात्री। ● अमृत विचार



डग्गामार वाहनों पर सफर करते लोग। ● अमृत विचार

### होली पर चली 5 स्पेशल ट्रेन, यात्रियों की रही भीड़

रेलवे आरक्षण सुपरवाइजर जितेंद्र कुमार ने बताया कि रेलवे ने 5 होली स्पेशल ट्रेन चलाई हैं। जिसमें अमृतसर-पटना, आनंद विहार-गोरखपुर, हरिद्वार-मुजफ्फरपुर, अमृतसर कटियार और चंडीगढ़-बनारस हैं। इन ट्रेनों का आना और जाना है। उन्होंने बताया कि भीड़ बढ़ने पर रेलवे ट्रेन चला देता है जोकि, अमृतसर या दिल्ली से चलती हैं।

> सभी ट्रेन अपने निर्धारित समय से चल रही हैं। रेलवे ने 5 होली स्पेशल ट्रेन चलाई हैं। इसके अलावा कुछ ट्रेन के रामपुर में स्टॉपेज भी कर दिए हैं। ताकि, यात्रियों को होली पर अपने घर पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।
> – **मोहम्मद आजम**, स्टेशन अधीक्षक

### डग्गामार वाहन चालकों की रही चांदी

बसों में भीड़ अधिक होने के कारण यात्रियों ने अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए डग्गामार वाहनों में सफर करने को मजबूर होना पड़ा। यात्रियों की मजबूरी को देखते हुए, उनसे मनमाना किराया वसूला गया। इस दौरान बसों में सफर करने वाली महिलाओं, बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा।

# चंद्र ग्रहण पर मंदिरों के बंद रहे कपाट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



शहर में सोमवार की रात होलिका दहन करते लोग। ● अमृत विचार

- **सुबह 6:20 बजे से लगे सूतक, दोपहर 3:26 से हुआ ग्रहण**
- **शाम 6:50 बजे तक राहू की छाया में हुआ ग्रहण**

**अमृत विचार:** मंगलवार को चंद्र ग्रहण होने के कारण सूतक लगने से सुबह 6:20 बजे से सभी मंदिरों के कपाट बंद रहे और पूजा अर्चना नहीं हुई। दोपहर 3:26 बजे से शाम 6:50 बजे तक चंद्र ग्रहण रहा। जिसके चलते कोई भी शुभ कार्य नहीं किया गया। चंद्र ग्रहण होने पर सूतक लग जाने से होली का रंग भी नहीं खेला गया।

चंद्रग्रहण होने पर सूतक सुबह 6:20 बजे से लग गए। जिसके कारण सभी मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गए और पूजा अर्चना नहीं हुई। शाम 6:20 बजे चंद्र ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिरों के कपाट खोल दिए गए। शहर के मोहल्ला पुराना गंज, सराय गेट, मिस्टन गंज, ज्वालानगर, सिविल लाइंस में मंदिरों के कपाट पूरे दिन बंद रहे। मिस्टन गंज स्थित मंदिर के पुजारी पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने बताया कि यह चंद्र ग्रहण शक्तिशाली क्योंकि राहू की छाया में हुआ है। होली के साथ पड़े इस ग्रहण में नरसिंह भगवान के रूप की शक्ति थी। इसलिए लोगों ने भगवान नरसिंह का जाप किया। बताया कि बीमारियों से बचाव के लिए नरसिंह भगवान का जप और गुरु मंत्र का जाप कल्याणकारी रहता है।

### नहीं खेला गया होली का रंग

2 मार्च की रात दो मुहूर्त में होलिका दहन हुआ। पहला मुहूर्त शाम 6:40 से 8:40 बजे तक था। जबकि, दूसरा मुहूर्त रात 12:50 से रात 2 बजे तक था। लोगों ने होलिका दहन से पहले पूजा अर्चना की इसके बाद होली गन्ना, जौ और हरा चना की आहुति दी। इससे पहले पूजा अर्चना की गई। पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने बताया कि होलिका दहन के बाद अगले दिन होली का रंग होता है लेकिन, चंद्रग्रहण के कारण सूतक लगने से रंग नहीं खेला गया।



शिव कृष्ण मंदिर के बंद कपाट।

## आज रंग खेला जाना अत्यंत शुभ

**रामपुर, अमृत विचार:** मंगलवार की रात भी कई स्थानों पर होलिका दहन हुआ। इससे पहले होलिका की लकड़ियों को फूलमाला, रोली, बताशे, कलावा अर्पित कर पूर्जा अर्चना की गई। पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने बताया कि मंगलवार को होलिका दहन किया जाना ठीक नहीं है। उन्होंने बताया कि सोमवार को होलिका दहन के दो मुहूर्त थे और सूतक लग जाने के कारण 3 मार्च को रंग नहीं खेला गया था। पंडित रामबाबू शर्मा ने बताया कि यह होलिका दहन केवल मनोरंजन के लिए किया गया है। यह धार्मिक नियमों के अनुसार नहीं है। उन्होंने बताया कि सोमवार को होलिका दहन दो मुहूर्त में किया गया।

इस मुहूर्त में होलिका दहन किया जाना अत्यंत शुभ रहा। मंगलवार को सुबह 6:20 से सूतक लग गए थे जिसके कारण रंग नहीं खेला गया। उन्होंने बताया कि सूतक से पहले भगवान की पूजा और भोग आदि लगाकर मंदिर के द्वार बंद कर दिए जाएंगे और शाम 7 बजे कपाट खोले गए। 4 मार्च को होली का रंग खेला जाएगा।

## रंगोत्सव आज, फिजा में उड़ेगा रंग और गुलाल



मिस्टन गंज बाजार में सजीं पिचकारियों और रंग की दुकानें।

**रामपुर, अमृत विचार:** रंगोत्सव आज है और फिजा में रंग और गुलाल उड़ेगा। सुबह से एक दूसरे पर रंग लगाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। शुतरखाना, हाथीखाना, मिस्टन गंज, पुराना गंज और सिविल लाइंस में खूब होली खेली जाएगी।बाजार रंग और पिचकारियों से सजा हुआ है। होलिका दहन 2 मार्च को हो गया और 3 मार्च को सूतक लगने के कारण होली का रंग नहीं खेला गया। अब 4 मार्च को होली का रंग खेला जाएगा। रंग खेलने के लिए तैयारी की जा रही है। बुधवार की सुबह से ही रंग खेला जाएगा। शहर के मोहल्ला फराशखाना निवासी संजय भाटिया ने बताया कि के रंगों के लिए पूरी तैयारी कर ली है। सिविल लाइंस निवासी गुंजन ने बतया कि उसने ढेर सारे रंग खरीदे हैं और वह प्राकृतिक रंगों से ही होली खेलेगी।

## होली पर जिला अस्पताल में 30 बेड का वार्ड आरक्षित

**रामपुर, अमृत विचार :** होली पर जिला अस्पताल में 30 बैड आरक्षित रहेंगे। इसके अलावा शहर स्तर पर एक और ग्रामीण स्तर पर 2 एंबुलेंस तैनात रहेंगी। जरूरत पड़ने पर डॉक्टरों को ऑन काल बुलाया जाएगा। एडी हेल्थ डॉ. आशु अग्रवाल ने मंगलवार की दोपहर जिला अस्पताल का निरीक्षण किया और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

एडी हेल्थ ने इमरजेंसी में दवाओं को देखा इसके बाद पहली मंजिल पर पहुंचकर मरीजों और उनके तीमारदारों से इलाज की बाबत जानकारी ली। कहा कि होली पर रंग खेलने के दौरान सड़क हादसे बढ़ जाते हैं।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने एडी हेल्थ को बताया कि जिला अस्पताल में 30 बेड का वार्ड आरक्षित कर दिए हैं। इसके अलावा इमरजेंसी में भी बेड खाली करा दिए गए हैं। एडी हेल्थ ने मरीजों से भोजन की गुणवत्ता के बारे में भी पूछा। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना, जिला अस्पताल मैनेजर अनुभव भारद्वाज, कविता, चीफ फार्मासिस्ट शकील अहमद आदि मौजूद रहे।












## अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार:** सड़क दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक के घायल होने के मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नगर के मोहल्ला बाजार कलां निवासी राहिल द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें कहा कि 26 फरवरी को उसके पिता शाहिद खालिक नवीन मंडी से वापस नगर की ओर लौट रहे थे। इस दौरान हाईवे पर जीरो पॉइंट के पास तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। बाद में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गई। जिसके चलते ई-रिक्शा में सवार उसके पिता शाहिद खालिक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज हायर सेंटर में रहा है।

# हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की नजर, छह जोन और 16 सेक्टर में बांटा गया जिला

## सेक्टर मजिस्ट्रेट और 1800 पुलिसकर्मी की हुई तैनाती, 220 सब इंस्पेक्टर और 47 इंस्पेक्टर लगे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने जिले को छह जोन और 16 सेक्टर में बांट दिया है। एएसपी अनुराग सिंह ने बताया कि सभी सेक्टरों में मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। इसके अलावा 1800 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। 220 सब इंस्पेक्टर और 47 इंस्पेक्टर लगाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि हुड़दंग करने वालों पर पैनी नजर रखी जाएगी। बड़े थानों में 6 और छोटे थानों में तीन-तीन मोबाइल टीम लगाई गई हैं। रंगों के पर्व होली पर किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं होने पाए इसके लिए पुलिस प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिले को 6 जोन और 16 सेक्टर में बांटा गया है और मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस कड़ी नजर रखेगी और उन्हें किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इसके लिए 220 सब इंस्पेक्टर और 47 इंस्पेक्टर लगाए गए हैं। इसके अलावा थानों में मोबाइल टीम भी तैनात रहेंगे। एएसपी ने बताया कि बड़े थानों में छह और छोटे थानों में तीन-तीन मोबाइल टीम तैनात रहेंगी। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। प्रमुख चौराहों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी और ड्रोन से पुलिस माहौल पर नजर रखेगी।



बाजार में लगा जाम। ● अमृत विचार

### पुलिस ने किया रूट डायवर्ट, पुलिस तैनात

शहर के राजद्वारा रोड, ज्वालानगर, मिस्टन गंज, हामिद गेट, नसरुल्लाह खां का बाजार और हामिद गेट पर पुलिस तैनात रहेगी। राजद्वारा, मिस्टन गंज से चूने वाले फाटक की ओर मोड़, जच्चा-बच्चा सेंटर से सर्राफा में जाने वाली सड़क, पानी दरीबा पर बर्तन बाजार की ओर आने वाली सड़क, जामा मस्जिद से चाकू बाजार की ओर जाने वाली सड़क, नसरुल्लाह खां बाजार से सफदर गंज की ओर आने वाली सड़कों पर बैरियर लगा दिए गए हैं और पुलिस भी तैनात कर दी गई है। भारी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है। उत्तराखंड, बिलासपुर, स्वार और टांडा से आने वाले वाहन चाकू चौक से शहजादनगर जीरो प्वाइंट की ओर डायवर्ट कर दिए गए। इसी तरह उत्तराखंड, स्वार और टांडा की ओर जाने वाले ट्रैफिक को चाकू चौक से पास कराया गया।

## जिला अस्पताल का एडी हेल्थ ने किया निरीक्षण



जिला अस्पताल का निरीक्षण करते एडी हेल्थ। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार को मुरादाबाद मंडल के एडी हेल्थ ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, होली के लिए रिजर्व वार्ड, डायलिसिस यूनिट सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से व्यवस्थाओं को लेकर बात भी की। एडी हेल्थ ने सीएमएस डॉ. बी.सी. सक्सेना, चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक भी की। एडी हेल्थ ने बताया कि इमरजेंसी में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। अस्पताल में दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। आई ड्रॉप सहित अन्य आवश्यक दवाओं के स्टॉक की भी जांच की गई। एडी हेल्थ ने बताया कि अस्पताल में चिकित्सकों की कमी है। इस संबंध में शासन से डॉक्टरों की कमी के बारे में बताया गया हैं।






## बसें व ओवरलोड डंपर सीज, 3 लाख का जुर्माना

**रामपुर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में उपसंभागीय अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने रात्रिकालीन चेकिंग अभियान के दौरान कार्रवाई की। बिना परमिट बसें व ओवरलोड डंपर सीज के बाद 3.04 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। जिले में परिवहन नियमों के प्रभावी अनुपालन के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा सोमवार रात्रिकालीन सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के रामपुर रोडवेज बस स्टेशन क्षेत्र में बिना परमिट एवं बिना टैक्स के संचालित दो बसों को पकड़ा।

इन बसों में निर्धारित क्षमता से लगभग 40 यात्री अधिक पाए गए, जिस पर दोनों बसों को सीज करते हुए चालान की कार्रवाई की गई। वहीं दो डंपर बिना फिटनेस एवं टैक्स तथा ओवरलोडिंग में संचालित पाए गए, जिन्हें तत्काल सीज किया गया। साथ ही पांच अन्य डंपरों का भी नियमों के उल्लंघन में चालान किया गया। सभी बसों व डंपरों पर 3.04 लाख का जुर्माना लगाया गया।

# खामेनेई ने किया नाइंसाफी का मुकाबला

**रामपुर, अमृत विचार:** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामनेई की मौत पर शोक जताने का सिलसिला जारी है। सोमवार रात पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने मस्जिदे जेहरा में आयोजित मजलिसे तरहीम में शिकरत की।

पूर्व मंत्री नवेद मियां ने ईरान के सुप्रीम लीडर को खिराजे अकीदत पेश करते हुए कहा कि नाइंसाफी का मुकाबला करते हुए खुद व अपने पूरे परिवार को कुर्बान कर दिया, लेकिन अमेरिका और इजराइल के आगे घुटने टेकना मंजूर नहीं किया। अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत ग्यारह रमजान को हुई। जिसकी वजह से गम और गुस्से का माहौल है। नवेद मियां ने इस मौके पर शिया जामा मस्जिद इमाम सैयद अली मोहम्मद नकवी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दुनिया ने देख लिया कि अमेरिका और इजराइल ने किस तरीके से दहशतगर्दी की है। शिया धर्मगुरु की मौत से पूरे विश्व के मुस्लिम समुदाय में आक्रोश है। पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि ईरान के सुप्रीम लीडर को खिराजे अकीदत पेश करने के लिए 5 मार्च को रात 9 बजे इमामबाड़ा किला में मजलिस होगी। पूर्व मंत्री नवेद मियां द्वारा इस मजलिस का आयोजन किया जाएगा।



मस्जिदे जेहरा में मजलिस में मौजूद नावेद मियां व पीआरओ काशिफ मियां।

● **नवेद मियां ने कहा कि ईरान के नेता ने दहशतगर्दी के आगे घुटने नहीं टेके**






# रोजा अल्लाह की अदालत में मगफिरत का बनता है वकील

● **जनरल वाला बाग नई मस्जिद में कुरान हुआ मुकम्मल**

कार्यालय संवाददाता रामपुर

**अमृत विचार:** डिग्री कॉलेज रोड जनरल वाला बाग नई मस्जिद में तरावीह की नमाज के दौरान सोमवार रात कुरान मजीद मुकम्मल हुआ। तरावीह में हाफिज सफ्फान खान ने प्रतिदिन दो पारे सुनाए। उन्होंने कहा कि रोजा अल्लाह की अदालत में मगफिरत के लिए वकील बन जाता है। जबकि सामा के फराइज अरबाज खान ने अदा किए।

बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष वसीम खान के बेटे हाफिज सफ्फान खान ने कुरान सुनाया।

हाफिज सफ्फान ने कहा कि कुरान वह किताब है, जिसका कोई मुकाबला नहीं है। दुनिया की सारी किताबों में सबसे अफजल कुरान है। माहे रमजान में कुरान की तिलावत करने से अल्लाह की रहमत बरसती है। रोजेदार गरीबों की दिल मदद करें।

इस दौरान उस्ताद अरशद अली, हाजी बाबर खान, वसीम खान, शादाब खान, नूर आलम, राजू खान, जमाल, गफ्फार सईद, राजू खान आदि मौजूद रहे।



हाफिजों के स्वागत के बाद मौजूद लोग। ● अमृत विचार



संसद भवन की जामा मस्जिद में मौजूद सांसद नदवी व अन्य लोग।

### सांसद नदवी ने जामा मस्जिद में कुरान मुकम्मल किया

**रामपुर, अमृत विचार :** रामपुर सांसद और संसद भवन नई दिल्ली की जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी ने 13वीं तरावीह के दिन कुरान मुकम्मल किया। मौलाना नदवी ने भावुक अपील करते हुए देश के उज्जवल भविष्य के लिए दुआ की देश के हर कोने में आपसी सौहार्द, शांति और भाईचारा कायम रहने की दुआ मांगी। उन्होंने कहा माहे रमजान का महीना हमें गरीबों के दर्द को समझने और निस्वार्थ सेवा करने का संदेश देता है। इस दौरान मोतीलाल नेहरू मस्जिद के इमाम अरशद मदनी, डॉ. हफीजुर्रहमान, कफील, सैफ अनवर, सांसद प्रतिनिधि एडवोकेट महबूब अली पाशा, मौलाना रफी नूरी, नासिर शेख, आसिफ अली, जमील सैफी, सैफ, पूर्व प्रधान सत्तार, डॉ. आज़म, अब्दुल्लाह, सलीम, मुकर्रम, अरशद अली एडवोकेट, मास्टर अख्तर अली और वाजिद हाफिज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।






# अमेरिका और इजराइल फैला रहे दहशतगर्दी



मजलिस को खिताब करते मौलाना अली मोहम्मद नकवी।

**रामपुर, अमृत विचार:** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई की मौत पर कलकत्ता मोहल्ला स्थित मुकाबिर उल मोमेनीन में मस्जिदे जहरा में मजलिस को मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने खिताब करते हुए कहा कि अमेरिका कभी अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा कि अयातुल्लाह खामेनेई ने बंकर में जाने से इंकार कर दिया और इजराइल और अमेरिका ने बुजदिलाना हमले में उनको शहीद कर दिया। ईरान में अब भी इंसानियत का कत्ल हो रहा है। मजलिस में सोजख्वानी तकी अब्बास और हसन मेहंदी ने की।

जबकि पेशख्वानी अब्बास हैदर और अलीम जैदी ने की। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना ने कहा आयतुल्लाह खामेनेई की जिंदगी से रूबरू कराया। शिया धर्मगुरु की मौत से पूरे विश्व के मुस्लिम समुदाय में आक्रोश है। मजलिस में मुज्तबा अली बेग, कमल रिजवी, शान जैदी, काशिफ खां आदि मौजूद रहे।

(खबरें पेज नं. 12 पर भी)

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### मुख्य मार्गों-बाजारों में पुलिस ने की गश्त

सैदनगली अमृत विचार : होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से मनाने के उद्देश्य से थाना सैदनगली के थानाध्यक्ष विकास कुमार ने पुलिस टीम के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान पुलिस फोर्स ने कस्बे के मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों, गलियों एवं संवेदनशील स्थानों का जायजा लिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पुलिस ने सभी से अपील की है कि होली का त्योहार प्रेम, भाईचारे और सद्भावना के साथ मनाएं तथा किसी भी असामाजिक तत्व को प्रोत्साहन न दें।

### ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत

बिजनौर अमृत विचार : मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुरा आलम में खेत पर काम करते समय ट्रैक्टर पलट जाने से एक किसान की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजीव कुमार पाल ( 40 ) पुत्र मेहर सिंह पाल अपने खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा उन्हें आनन–फानन में एक निजी अस्पताल ले जाया गया।

शेष खबरें पेज 12 पर भी देखें

# मानसिक मंदित ने मुख्य आरक्षी पर किया गंडासे से हमला, गंभीर

## पुलिस कर्मी को अस्पताल में कराया गया भर्ती, सीओ ने जाना हाल, हिरासत में आरोपी

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** शहर में सोमवार रात गश्त कर रहे पुलिस कर्मी पर मानसिक मंदित ने गंडासे हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमला कर रहा आरोपी सीसीटीवी में कैद हो गया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। सीओ मौके पर पहुंचे जानकारी ली।

नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छेवड़ा में सोमवार रात करीब 11 बजे की है। मोहल्ला छेवड़ा में एक व्यक्ति अचानक सड़क पर हंगामा करने लगा। लोगों के अनुसार वह चीखते हुए राहगीरों को परेशान कर रहा था। स्थिति बिगड़ती देख किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पर गश्त कर रहे हेड कांस्टेबल राहुल कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान आरोपी ने गंडासे से राहुल कुमार पर वार कर दिया। हमले में घायल हेड कांस्टेबल लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना के तुरंत बाद साथ मौजूद पुलिसकर्मियों और स्थानीय युवकों ने साहस का परिचय देते हुए आरोपी को घेर लिया और काबू में कर लिया। घायल हेड कांस्टेबल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है, हालांकि उन्हें गहरी चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही एसपी अमित कुमार आनंद मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल जाकर घायल सिपाही का हालचाल भी जाना। एसपी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी मानसिक रूप से कमजोर प्रतीत हो रहा है। वह अपना नाम नहीं सका। उन्होंने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और उससे पूछताछ की जा रही है। साथ ही उसके परिजनों और पहचान के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।



अस्पताल में भर्ती सिपाही से हालचाल पूछते सीओ। ● अमृत विचार



गंडासे से हमला करता आरोपी ( सीसीटीवी से लिया गया फोटो )।

### त्योहार से पहले पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता

होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड पर है। इस घटना के बाद शहर में गश्त और तेज कर दी गई है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। एसपी ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और कानून–व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## रात में युवती को चौकी पर लेकर पहुंचा सिपाही

**ढबारसी( अमरोहा)अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव हाकमपुर में स्थित नव निर्मित पुलिस चौकी उस समय विवादों में आ गई, जब एक कांस्टेबल पर रात करीब 10 बजे एक युवती को बाइक से चौकी पर लाने के गंभीर आरोप लगे। बताया जाता है कि उक्त युवती आसपास के किसी गांव की रहने वाली थी। आरोप है कि कांस्टेबल युवती को रंगरेलियां मनाने को पुलिस चौकी लेकर पहुंचा था।

देर रात चौकी परिसर में युवती की मौजूदगी देख स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और मौके पर हंगामा खड़ा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवती को चौकी में देखकर ग्रामीणों ने कांस्टेबल से सवाल-जवाब शुरू कर दिए। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुट गई और मामला तूल पकड़ने लगा। लोगों की नाराजगी को देखते हुए कांस्टेबल युवती को बाइक पर बैठाकर वहां से ले गया। इसी दौरान किसी ग्रामीण ने कांस्टेबल द्वारा युवती को बाइक पर बैठाकर ले जाते हुए वीडियो बना लिया। यह वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। थाना रहरा के थानाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि उनके संज्ञान में इस तरह का कोई मामला नहीं है।

# होली पर ट्रेनें लेट, यात्रियों को घंटों करना पड़ा इंतजार

- निजी वाहन चालकों ने वसूला अधिक किराया

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** रंगों के पर्व होली पर जहां एक ओर लोग अपनों के बीच पहुंचकर त्योहार मनाने की जल्दबाजी में हैं, वहीं ट्रेनों की देरी ने यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है। अमरोहा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को सुबह से ही यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ी रही। कई ट्रेनें निर्धारित समय से देरी से पहुंचीं, जिससे यात्रियों को घंटों प्लेटफॉर्म पर इंतजार करना पड़ा।

होली का त्योहार आज बुधवार को मनाया जाएगा। लेकिन लोगों का घर लौटने का सिलसिला पिछले चार दिनों से जारी है। दिल्ली, पूर्वांचल और बिहार की ओर जाने वाली ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ देखी गई। यात्रियों को सीट तो दूर, खड़े होने तक की जगह मुश्किल से मिल रही है। कई परिवार छोटे बच्चों और बुजुर्गों के साथ प्लेटफॉर्म पर ट्रेन का इंतजार करते नजर आए।

यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने सभी बसों को सड़क पर उतार दिया है और दिल्ली रूट पर फेरे भी बढ़ाए गए हैं। जोया हाईवे पर भी मंगलवार को बसों में खासी भीड़ देखी गई। दूसरी ओर रेलवे प्रशासन ने भी होली स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं, लेकिन ट्रैक पर चल रहे मरम्मत कार्य के कारण कई गाड़ियां प्रभावित रहीं। स्टेशन अधीक्षक जी.आर. मीणा ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर विभिन्न स्थानों पर कार्य चल रहा है, जिसके चलते कुछ ट्रेनें देरी से पहुंच रही हैं। हालांकि अधिकांश ट्रेनों को समय पर निकालने का प्रयास किया जा रहा है ताकि यात्रियों को होली के मौके पर अधिक दिक्कत न हो। त्योहारी भीड़ को देखते हुए जीआरपी और आरपीएफ ने स्टेशन परिसर में गश्त बढ़ा दी है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। यात्रियों से अपील की जा रही है कि वे रेल लाइन पार न करें और केवल निर्धारित मार्ग से ही आवागमन करें, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो।

### ये ट्रेनें रहीं लेट

दिल्ली–बरेली पैसेंजर करीब 1 घंटा 25 मिनट, बनारस से दिल्ली जाने वाली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस लगभग 2 घंटे, दिल्ली से बनारस जाने वाली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस करीब 1 घंटा 25 मिनट, मेमो स्पेशल ट्रेन करीब 2 घंटे, नौचंदी एक्सप्रेस लगभग 1 घंटा 45 मिनट और आला हजरत एक्सप्रेस लगभग 30 मिनट बिलंब से पहुंची।

# एक दूसरे को गुलाल लगाकर दी होली की बधाई

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** राजपूत कॉलोनी में सोमवार रात होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी एवं नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी सम्मिलित हुए। मोहल्ले वासियों ने एक दूसरे के गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। वहीं बाहर से आए कलाकारों द्वारा होली के भजनों पर बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी गई। नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि होली का पर्व सारे मतभेद बुलाकर मनाने का पर्व है। इस मौके पर चंद्रपाल खड़गवंशी, हिमांशु त्यागी, जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल, सभासद यशपाल चौहान, टीनू बाबा,मुकेश कुमार, हर्षित सिंघल सहित काफी संख्या में कॉलोनी वासी मौजूद रहे।




होली मिलन में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# महिलाओं ने खामेनेई की याद में कैंडल मार्च निकाला


संवाददाता सैदनगली

**अमृत विचार:** सैदनगली के मोहल्ला सादात मे शिया समुदाय की महिलाओं ने ईरान के सरवोच्च नेता आयतुल्लाह ख़ामेनेई की शहादत के सिलसिले से कैंडल मार्च निकालकर खिराजे अकीदत पेश किया। मोहल्ला सादात के इमामबारगाह पीर जी से कैंडल मार्च शुरू हुआ जो गुलशन मस्जिद, इमामबाड़ा फातिमा, हुसैनी चौक, होता हुआ इमामबारगाह पीर जी पर जाकर समाप्त हुआ।

सादेका ज़ेहरा ने बताया कि ईरानी सुप्रीम लीडर रहबरे मुअज़्ज़म आयतुल्लाह सय्यद अली हुसैनी ख़ामेनेई ने ज़ालिम ताकतवर मुल्क अमेरिका इसराईल के आगे कभी सर नही झुकाया। उन्होंने इमाम हुसैन के बताए हुए रास्ते पर चलकर जुल्म का मुकाबला किया। खामनेई की शहादत को कभी भुलाया नही जा सकता। उनकी शहादत को सलाम तुम एक खामेनेई मारोगे हर घर से खामेनेई निकलेगा। इस दौरान नारेबाजी की।



कैंडल मार्च निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार




**न्यूज ब्रीफ**

### वाहन की टक्कर से दो युवक घायल

**चंदौसी, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम बेरनी मोड़ के पास तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। दोनों युवक चन्दौसी से अपने गांव लौट रहे थे। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

### मैजिक की टक्कर से किसान घायल

**संभल/ कुढफतेहगढ, अमृत विचार :** मिठनपुर मौजा गांव में खेत पर जा रहे किसान को टाटा मैजिक ने टक्कर मार दी, जिससे किसान घायल हो गया। बृजनंदन पुत्र फूलसिंह निवासी मिठनपुर मौजा बरसीम लेने अपने खेत पर जा रहे थे। तभी बिलारी-आसफपुर रोड़ पर बिलारी की ओर से आ रहे टाटा मैजिक ने टक्कर मार दी। जिससे किसान बृजनंदन घायल हो गये और टाटा मैजिक अन्यन्त्रित होकर खाई में पलट गया। मैजिक में सवार मजदूर बाल बाल बच गए। परिजन निजी वाहन से घायल को उपचार हेतु चंदौसी ले गए। टाटा मैजिक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया और थाने ले गए। दारनी गांव के लोग हरियाणा से मजदूरी कार्य करके होली पर मैजिक से घर आ रहे थे।

### झपकी से अनियंत्रित हुई ईको, खंदक में उतरी

**चंदौसी, अमृत विचार :** होली पर घर लौट रहे यात्रियों से भरी ईको कार चंडीगढ़ से बहजोई जाते समय हादसे का शिकार हो गई। रास्ते में चालक को नींद आने से वाहन नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे खंदक में उतर गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी सवारियों को बाहर निकाला। सौभाग्य से कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ, हालांकि कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आईं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया।

### होली से पहले बाजारों में ट्रैफिक सख्ती

**चंदौसी, अमृत विचार :** होली के मद्देनजर बाजारों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। प्रभारी यातायात के नेतृत्व में प्रमुख चौराहों और तिराहों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती कर यातायात को व्यवस्थित किया गया। ई-रिक्शा और अन्य वाहनों की आवाजाही पर नजर रखी गई। अभियान के दौरान बिना हेलमेट चलने वाले और दोपहिया पर तीन सवारी बैठाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान किए गए। पुलिस ने वाहन चालकों को सख्त चेतावनी दी कि त्योहार के दौरान नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बाइकों की टक्कर में पिता-पुत्र की मौत

## ससुराल में गमी की होली से पुत्र के साथ बाइक से आ रहा था ग्रामीण, दो लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी



हादसे में पिता-पुत्र की मौत के बाद जुटे दुखी ग्रामीण। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** चंदौसी तहसील क्षेत्र के गांव कुढ़ फतेहगढ़ में सोमवार देर शाम हुए भीषण सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई। परिवार में होली के त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को जब घर से एक साथ दोनों की अर्थियां उठीं तो परिजनों और ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं।

गांव कुढफतेहगढ़ निवासी गेंदनलाल (55) अपने 19 वर्षीय पुत्र शेर सिंह के साथ उघैती थाना क्षेत्र के गांव करनपुर अपनी ससुराल में गमी की होली के अवसर पर मटुकिया देने बाइक से गए थे। परिवार में शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद दोनों सोमवार की देर शाम अपने घर वापस लौट रहे थे।

बताया जाता है कि जैसे ही वे बिसौली-इस्लामनगर रोड पर करनपुर के निकट पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने गेंदनलाल और शेर सिंह को मृत घोषित कर दिया।

- होली में परिवार पर टूट पड़ा दुख, गांव में छाया मातम
- दोनों घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो रहा इलाज


मृतक गेंदनलाल।


मृतक शेर सिंह।

अन्य दो घायलों का उपचार चल रहा है।

जानकारी मिलने के बाद परिजन अस्पताल पहुंच गए, जहां दोनों के शवों को देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव में जैसे ही हादसे की सूचना पहुंची तो शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद जब दोनों के शव गांव पहुंचे तो माहौल गमगीन हो गया।

घर से पिता और पुत्र की अर्थियां एक साथ उठने का दृश्य देख हर किसी की आंखें नम हो गईं। ग्रामीणों ने नम आंखों से दोनों को अंतिम विदाई दी। होली के मौके पर जहां गांव में रंग और गुलाल उड़ना था, वहीं मातमी सन्नाटा पसरा रहा।

# ट्रक की टक्कर से ईको सवार साले-बहनोई की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार:** दो युवकों की बुलंदशहर में हुए भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

थाना बबराला क्षेत्र के गांव पाठकपुर निवासी सुरेंद्र (30) पुत्र भूरे सिंह अपने बहनोई थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव सैतुआ निवासी कन्हई लाल (26) पुत्र छोटे लाल के साथ ईको से दिल्ली जा रहे थे। मंगलवार सुबह लगभग सात बजे जब उनकी कार बुलंदशहर रोड स्थित गांव दुगरऊ करनपुर के पास ईंट भट्टे के समीप पहुंची, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि ईको के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सुरेंद्र व कन्हई लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल


मृतक सुरेंद्र।


मृतक कन्हई।

- साले-बहनोई ईको से जा रहे थे दिल्ली, बुलंदशहर के पास हुआ हादसा

कन्हई लाल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें अलीगढ़ के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उनकी भी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि सुरेंद्र के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि हादसे के कारणों का स्पष्ट पता चल सके। परिजनों ने बताया कि सुरेंद्र अपने पीछे चार छोटे-छोटे बच्चों दो बेटे और दो बेटियां को छोड़ गया है। परिवार की जिम्मेदारी सुरेंद्र के कंधों पर थी।

# गंगा घाट पर श्रद्धालुओं में मारपीट, पांच घायल

**बबराला, अमृत विचार:** फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान के लिए गए ग्रामीणों के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। झगड़े में पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

गांव नगलिया सिरौरा काजी के करीब 40 ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली से गंगा स्नान करने के लिए राजघाट पहुंचे थे। स्नान के दौरान कुछ युवक आपस में पानी फेंककर होली की मस्ती कर रहे थे। इसी दौरान गंगा घाट से सटे गांव मीरमपुर के कुछ लोगों ने पानी फेंकने का विरोध किया। बताया जाता है कि विरोध के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।

झगड़े में नगलिया सिरौरा काजी निवासी पान सिंह, देवपाल, लालाराम, कालीचरण और प्रेमपाल घायल हो गए। घटना की सूचना पर स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। मामले को लेकर पुलिस को सूचना दे दी गई है।

# चंद्र ग्रहण से पूर्व होलिका दहन


सरथल चौकी तिराहा पर मंगलवार सुबह जलाई गई होली। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

- आज खेला जायेगा रंग, लोगों में होली का उत्साह

**अमृत विचार:** चंद्र ग्रहण को देखते हुए शहर में विधि-विधानपूर्वक पूजन के बाद होलिका दहन किया गया। श्रद्धालुओं ने होलिका की परिक्रमा कर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुरुआत की, लेकिन रंग चंद्र ग्रहण की समाप्ति के बाद ही खेले जाने का निर्णय लिया गया है।

मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कोट पूर्वी में सरथल चौकी, गोलेश्वर महादेव मंदिर, चौहाटा मंदिर और शेर खां सराय के पुराना टेलीफोन एक्सचेंज रोड सहित कई स्थानों पर होली जलाई गई। सभी स्थानों पर चंद्र ग्रहण से पूर्व शुभ मुहूर्त में होलिका दहन संपन्न कराया गया। श्रद्धालुओं ने गन्ने भूनकर होलिका की परिक्रमा की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

होली के पारंपरिक गीतों के बीच जैसे ही होलिका प्रज्ज्वलित हुई, लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की औपचारिक शुरुआत की। हालांकि रंगों का पूर्ण रूप से खेल ग्रहण समाप्त होने के बाद ही किया जाएगा। कोट पूर्वी में होलिका दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेंद्र गुरु, गौरव शर्मा, सभासद गगन वार्ष्णेय, सुशील मेहरोत्रा, हरिओम गंभीर, परितोष शर्मा, निखिल शर्मा, राजीव शर्मा, संजय मदान, अभिषेक शर्मा, अरविंद गुप्ता, चम्मन लाल, गोपेश शर्मा, हरित गौड़, बिट्टू भारद्वाज और प्रभात मेहरोत्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# होली के लिए लोगों ने खूब खरीदा रंग-गुलाल और पिचकारियां

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** जनपद संभल में होली के त्योहार को लेकर बाजार पूरी तरह रंगों में सराबोर नजर आए। रंग-गुलाल के साथ ही मुखौटे, पिचकारी और अन्य सजावटी सामानों की जमकर बिक्री हुई। शहर में 100 से अधिक अस्थायी और स्थायी दुकानें सजीं, जहां सुबह से देर शाम तक ग्राहकों की भीड़ उमड़ती रही। दुकानदारों का कहना है कि इस बार बिक्री पिछले साल के मुकाबले बेहतर रही है।

संभल शहर के अलावा चंदौसी, बहजोई, बबराला, गुन्नौर, असमोली, पंवासा, सिरसी, जुनावई, रजपुरा और धनारी सहित ग्रामीण इलाकों में भी होली के सामान की दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। बाजारों में हाथरस के रंगों के साथ-साथ संभल में तैयार होने वाले स्थानीय रंग भी खूब बिके। दुकानदारों के अनुसार इस वर्ष रंग-गुलाल और पिचकारियों के दामों में पिछले साल की तुलना में



रंग गुलाल की दुकान पर लगी ग्राहकों की भीड़। • अमृत विचार

- मोदी-योगी के मुखौटे रहे बच्चों में आकर्षण का केंद्र

कोई बड़ा अंतर नहीं रहा। हालांकि कुछ सामानों के दामों में हल्की बढ़ोतरी जरूर हुई है, लेकिन इसका असर ग्राहकों की खरीदारी पर नहीं पड़ा। बच्चों के लिए इस बार बाजार में नई-नई डिजाइनों की पिचकारियां आई हैं। हथोड़ा, त्रिशूल, भाला, छतरी, गदा, फरसा और इलेक्ट्रिक गन जैसी दर्जनों आकर्षक पिचकारियां बच्चों को खूब लुभा रही हैं।

तहसील रोड संभल पर एक साथ 20 से अधिक दुकानें लगी हैं, जहां रंग, गुलाल, मुखौटे और पिचकारियों की अच्छी बिक्री हो रही है। इस बार बाजार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुखौटे भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। दुकानदार राजेश ने बताया कि मोदी और योगी के मुखौटों की सबसे अधिक मांग रही। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकुट भी बाजार में आया है, जिसे ग्राहकों ने काफी पसंद किया है।

# फाल्गुन पूर्णिमा पर गंगा में किया श्रद्धालुओं ने स्नान

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

- चंद्र ग्रहण के चलते मध्यरात्रि से ही जूट गए श्रद्धालु

**अमृत विचार:** फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर जनपद में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। चंद्र ग्रहण शुरू होने से पहले मनोकामना पूर्ण होने की कामना के साथ लाखों श्रद्धालुओं ने मां गंगा में स्नान कर पूजा-अर्चना की। मध्यरात्रि से ही श्रद्धालु गंगा घाटों पर पहुंचने लगे थे। जनपद के अलावा आसपास के जिलों से आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया।


मंगलवार को तहसील गुन्नौर क्षेत्र के राजघाट गंगा, सिसौना डांडा, श्रीविष्णु देव घाट, हरिबाबा बांध तथा अस्थायी असदपुर और सांकरा घाट पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। बुलंदशहर, बदायूं, अलीगढ़, बरेली और रामपुर समेत विभिन्न जनपदों से श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचे। राजघाट और सिसौना डांडा गंगा घाट पर मेले जैसा दृश्य दिखाई दिया। चंद्र ग्रहण के चलते श्रद्धालु तड़के ही घाटों पर पहुंच गए। संभल-अनूपशहर रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे जाम की स्थिति बनी रही। यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। जुनावई थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान, गुन्नौर थाना प्रभारी राजीव मलिक, बबराला थाना प्रभारी सौरभ त्यागी और रजपुरा थाना प्रभारी संदीप चौधरी पुलिस फोर्स के साथ गंगा घाटों पर मुस्तैद रहे। धार्मिक मान्यता के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन माता लक्ष्मी और चंद्र देव की पूजा-अर्चना कर व्रत कथा का पाठ किया जाता है। मान्यता है कि इस दिन स्नान और दान से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है तथा जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। इसी दिन होलिका दहन भी किया जाता है, जिससे इस पूर्णिमा का महत्व और बढ़ जाता है। होली की पूर्णिमा का स्नान अत्यंत फलदायी माना जाता है।

# शुभ मुहूर्त पर जलाई होलिका, आज खेला जाएगा रंग

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** नगर व ग्रामीण अंचलों में होली का उल्लास चरम पर है। कहीं सोमवार सायंकाल तो कहीं मंगलवार प्रातः शुभ मुहूर्त में होलिका दहन संपन्न हुआ।

सुबह के समय श्रद्धालु पूजा सामग्री के साथ होलिका स्थल पर पहुंचे और विधि-विधान से पूजन कर अग्नि प्रज्ज्वलित की। महिलाओं ने परिक्रमा कर नई फसल की बालियां अर्पित कीं तथा परिवार की खुशहाली की कामना की। बच्चों और युवाओं ने ढोल की थाप पर उत्साह जताया।


चंदौसी में होलिका दहन करते लोग। • अमृत विचार

सोमवार शाम को हुए दहन स्थलों पर भी बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और परंपराओं का निर्वहन किया। प्रशासन ने प्रमुख चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। होलिका दहन के बाद बाजारों में गुलाल, पिचकारी और मिठाइयों की खरीदारी तेज रही। बुधवार को मुख्य होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

### सुरक्षा व्यवस्था में किया गया होलिका दहन

**सौंधन, अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र के शाकिन शोभपुर मुंजप्ता में इस वर्ष होलिका दहन का आयोजन विशेष सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराया गया। होली स्थल को लेकर पूर्व में चले विवाद को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। पहली बार होलिका दहन कार्यक्रम को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराया गया। गांव के मुख्य चौराहे पर होली रखने के स्थान को लेकर मतभेद की स्थिति बन गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की थी। होलिका दहन के दौरान थाना पुलिस मौके पर मुस्तैद रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कैला देवी थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि होलिका स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया गया है, जिससे पूरे कार्यक्रम की निगरानी की गई।




# सड़क हादसों में आधा दर्जन घायल, दो अलीगढ़ रेफर

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार:** फाल्गुन पूर्णिमा र पर होली की गहमागहमी के बीच क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दो युवकों को उपचार के लिए अलीगढ़ रेफर किया गया है।

मंगलवार शाम करीब चार बजे बबराला-बदायूं रोड पर आमने-सामने से दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में जनपद बुलंदशहर के थाना नरौरा क्षेत्र के मोहल्ला गंगाकुंज निवासी महिपाल घायल हो गए। बताया जा रहा है कि वह अपनी ससुराल जा रहे थे। दूसरी ओर हुमायूंपुर पेट्रोल पंप से पेट्रोल डलवाकर लौट रहे वारिश भी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर ले गई, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। एक अन्य हादसा नरौरा टोल रोड पर हुआ। थाना क्षेत्र के गांव नगलिया निवासी दुर्वेश कुमार यादव अपनी पत्नी नीरज देवी के साथ बाइक से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान टोल बैरियर अचानक नीरज देवी के ऊपर आ गिरा, जिससे वह घायल हो गईं। इसके अलावा जनपद बदायूं के थाना सहसवान क्षेत्र निवासी राहुल , अमित और वेदप्रकाश भी गुन्नौर से घर लौटते समय अज्ञात वाहन से टकराकर घायल हो गए। तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मलिक ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

# हनुमान मंदिर के दानपात्र से नकदी व आभूषण चोरी

**रजपुरा, अमृत विचार:** गांव सिंघौली कल्लू स्थित हनुमान मंदिर में दानपात्र से नकदी और भगवान के आभूषण चोरी हो गए।

पुजारी महावीर शर्मा और कोमिल शर्मा ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब चार बजे वे मंदिर पहुंचे तो दानपात्र का ताला टूटा हुआ मिला। दानपात्र में रखे करीब 17 हजार रुपये गायब थे। इसके अलावा हनुमान के गले से चांदी के आभूषण भी चोरी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए। पुजारियों ने बताया कि मंदिर में पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। मंदिर समिति और ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप चौधरी ने बताया कि उन्हें मामले की कोई जानकारी नहीं है।

- खबरें पेज 12 पर भी

# मौलाना नकवी ने ईद न मनाने की खबरों का किया खंडन

कार्यालय संवाददाता, संभल

- कहा, उन्होंने ऐसी कोई घोषणा नहीं की और यह खबर भ्रामक

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र स्थित जामा मस्जिद बुकनाला सादात के जुम्मा व जमात मौलाना सैयद ईसार हुसैन नकवी ने उनके नाम से फैलाई गई ईद न मनाने की खबरों का सख्त खंडन किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने ऐसी कोई घोषणा या ऐलान नहीं किया है और यह खबर पूरी तरह असत्य, भ्रामक व निराधार है।

मौलाना नकवी ने कहा कि उनके नाम से बिना किसी पुष्टि और बातचीत के यह खबरें फैलाई गईं। उन्होंने आमजन से अपील की कि अपुष्ट खबरों पर विश्वास न करें और किसी भी जानकारी की पुष्टि आधिकारिक स्रोत से ही करें। मौलाना ने कहा कि मरजा-ए-आली कद्र हज़रत सैयद अली खामनेई की शहादत की खबर से आलम-ए-इस्लाम, विशेषकर शियायाने अली इब्ने अबी तालिब (अ.) ग़मगीन हैं। लेकिन ग़म मनाने का एक धार्मिक और पारंपरिक तरीका होता है, जिसे अहले बैते ताहिरीन की सीरत के अनुसार निभाया जाता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उनके नाम से जो यह बात प्रचारित की गई कि "शिया हज़रत ईद नहीं मनाएंगे, नए कपड़े नहीं पहनेंगे या जुमातुल विदा पर काली पट्टी बांधेंगे", वह पूरी तरह गलत है। हम ग़म दिखाने के लिए कोई दिखावा या शोबाज़ी नहीं करते। हमारा हर अमल अल्लाह की रज़ा के लिए होता है। अजादारी और ज़िक्र-ए-अहले बैत के जरिए हम अपने ग़म का इज़हार करते हैं।

# शहर में धूमधाम से निकला चौपाई जुलूस

## लोगों ने एक-दूसरे पर रंग-गुलाल की बौछार कर गाए होली गीत, जगह-जगह किया गया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, संभल

- संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा, अधिकारी करते रहे भ्रमण
- कोट पूर्वी मोहल्ला के गौरी सहाय मंदिर से हुई जुलूस की शुरुआत ढोल की धुन पर थिरके लोग

**अमृत विचार:** होली के अवसर पर मंगलवार देर शाम शहर में पारंपरिक गुलाल चौपाई का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। जुलूस में शामिल युवाओं और श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे पर गुलाल की बौछार करते हुए होली के गीतों पर जमकर मस्ती की। पूरे मार्ग पर उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

जुलूस की शुरुआत मुहल्ला कोट पूर्वी स्थित गौरी सहाय मंदिर से हुई। यहां विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के बाद गुलाल चौपाई का शुभारंभ किया गया। इसके बाद जुलूस डाकखाना रोड, टंडन तिराहा, कोतवाली, मुहल्ला ठेर, बाजार गंज, नखासा तिराहा होते हुए धोबियों की गली, छंगामल की कोठी, मुधलिका के बराबर से सुनारों वाली गली पहुंचा और अंत में शिव मंदिर पर समापन हुआ। जुलूस में डीजे और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर कलाकारों ने होली के गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। कलाकारों के रंगारंग कार्यक्रम को देखने के लिए जगह-जगह लोगों की भीड़ उमड़ती रही। युवाओं की टोली रंग-गुलाल उड़ाते हुए आगे बढ़ती रही, जिससे पूरा मार्ग रंगों से सराबोर नजर आया। आलम यह रहा कि जुलूस के आगे बढ़ने के साथ-साथ लोगों की भीड़ भी बढ़ती गई।

महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी छतों और दुकानों के बाहर खड़े होकर इस पारंपरिक आयोजन का आनंद लेते रहे। जुलूस के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा और अधिकारी लगातार भ्रमण करते रहे, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। प्रशासन की सतर्कता के बीच गुलाल चौपाई का जुलूस सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।


संभल में गुलाल चौपाई जुलूस में शामिल लोग। • अमृत विचार


चौपाई जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात कोतवाल व पुलिस जवान। • अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के कालाखेड़ा मील गेट के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाखेड़ा निवासी प्रथी सिंह का पुत्र करन रविवार रात करीब 10 बजे बाइक से कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कला से वापिस अपने गांव काला खेड़ा लौट रहा था। जैसे ही वह चीनी मिल गेट के पास पहुंचा, तो सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर के उसे टक्कर मार दी ।इस भीषण हादसे में करन के शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई है। पीड़ित पिता ने थाना में तहरीर देकर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### एसपी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**बिजनौर, अमृत विचार :** एसपी कार्यालय का मंगलवार को पूर्व सैनिकों व ग्रामीणों ने घेराव किया। लोगों ने मांग कि है कि पूर्व सैनिक ब्रजपाल के हमलावरों को अतिशीघ्र गिरफ्तार किया जाए। यदि गिरफ्तारी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन होगा। प्रदर्शन में ब्रजपाल सिंह की पत्नी मिथिलेश देवी, पूर्व सैनिक सुरेश चंद्र, लवकुश कुमार, प्रमोद कुमार, नरेश कुमार, जितेश कुमार, तरुण शेहरावत, देवेंद्र, संतोषी, जय सिंह, प्रधान गोपाल शरण, प्रीतम सिंह, टीकम सिंह, नरेंद्र सिंह, आमोद कुमार, सूरजमल, जगदेव सिंह, वीरेंद्र एडवोकेट, अवधेश कुमार, जसवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### जहर खाने से युवक की मौत, परिजन बेहाल

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के एक गांव में पति-पत्नी के आपसी विवाद के बाद जहरीला पदार्थ खाने वाले 35 वर्षीय युवक की मंगलवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। मेरठ ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। गांव सघन मछरिया निवासी युवक शराब पीने का आदी बताया जा रहा है। परिजनों के अनुसार शनिवार को उसने शराब पीकर पत्नी से विवाद शुरू कर दिया। पत्नी द्वारा विरोध किए जाने पर उसने घर में रखी घास सुखाने की जहरीली दवा पी ली। जहर खाने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई, जिस पर परिजन उसे मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार चल रहा था। मंगलवार को हालत अधिक गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया।

# ईरान और इजराइल की जंग से हैंडीक्राफ्ट कारोबारियों में चिंता

कार्यालय संवाददाता, संभल

- निर्यात पर असर पड़ने की आशंका से परेशान हैं शहर के कारोबारी


ताहिर सलामी।

**अमृत विचार:** ईरान और इज़राइल के बीच जंग का असर निर्यात पर भी पड़ने के आसार नजर आ रहे हैं। संभल में हैंडीक्राफ्ट उद्योग से जुड़े लोग चिंतित हैं। कारोबारियों ने आशंका जताई है कि यदि युद्ध लंबा खिंचता है तो काफी असर पड़ेगा।

संभल हैंडीक्राफ्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ताहिर सलामी ने बताया कि हालात बिगड़ते हैं तो अमेरिका, इजराइल और खाड़ी देशों में होने वाला निर्यात प्रभावित होना तय है। अमेरिका भारतीय हैंडीक्राफ्ट के लिए एक बड़ी मंडी है, जबकि खाड़ी देशों में भी बड़े पैमाने पर उत्पाद भेजे जाते हैं। युद्ध का दायरा बढ़ने पर ऑर्डर होल्ड या रद्द होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

दिल्ली में फरवरी माह में आयोजित बड़ी हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी के सकारात्मक नतीजों की उम्मीद की जा रही थी। यही वह समय था जब विदेशी खरीदार नए ऑर्डर कन्फर्म करते हैं, लेकिन जंग शुरू होने से उनके फैसले अटक सकते हैं। उन्होंने कहा, अगर नए ऑर्डर नहीं आए तो जैसे ही पुराना काम पूरा होगा, कई यूनिटों को ताला लगाना पड़ सकता है। संभल में 30 हजार से ज्यादा कारीगर सीधे तौर पर इस उद्योग से जुड़े हैं। बढ़ती लागत, महंगी बिजली और कच्चे माल के दाम पहले ही उद्योग पर दबाव बना रहे हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनिश्चितता से स्थिति और गंभीर हो सकती है। ताहिर सलामी ने केंद्र सरकार से मांग की है कि कारीगरों को बिजली पर विशेष सब्सिडी दी जाए, ताकि उत्पादन लागत को नियंत्रित किया जा सके। उनका कहना है कि वैकल्पिक बाजार तलाशना आसान नहीं होता और नए खरीदारों तक पहुंचने में महीनों लग जाते हैं।

# संजीव हत्याकांड में महिला और उसका बेटा गिरफ्तार

संभल/मनोटा, अमृत विचारः

- पेंशन के विवाद में बड़े भाई की कर दी थी हत्या

ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव राजीखेड़ा में पेंशन विवाद को लेकर हुई 56 वर्षीय संजीव कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी के परिवार के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी भाई की पत्नी और उसके बेटे को अवैध तमंचे के साथ पकड़ा है।

गांव राजीखेड़ा निवासी संजीव कुमार का अपने छोटे भाई ब्रजकिशोर से लंबे समय से पारिवारिक पेंशन को लेकर विवाद चल रहा था। उनके पिता वेद प्रकाश सरकारी अध्यापक थे, जिनका वर्ष 2006 में निधन हो गया था। इसके बाद उनकी पत्नी ओमवती देवी को पारिवारिक पेंशन मिल रही थी। इसी रकम को लेकर दोनों भाइयों के बीच तनाव बना हुआ था। सोमवार को संजीव कुमार की छोटे भाई ब्रजकिशोर ने अपने दो बेटों अर्पित और आरव के साथ तमंचे गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस टीम ने थानाध्यक्ष लवनीश कुमार के नेतृत्व में दरोगा गुलाम मोहम्मद, मुख्य आरक्षी तेजसिंह और सिपाही मोहित कुमार के साथ मिलकर ब्रजकिशोर की पत्नी सपना और बेटे अर्पित को ग्राम धारंगपुर से सैदनंगली की ओर जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से हत्या में प्रयुक्त एक तमंचा 315 बोर, नाल में फंसा खोखा कारतूस 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।

# डीसीडीएफ की इमारत के मलबे की नीलामी में साठगांठ

**रामपुर, अमृत विचारः** जिला सहकारी संघ के चैयरमेन सुभाष गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में हाईवे स्थित डीसीडीएफ की इमारत के मलवे की नीलामी में अधिकारीयों की साठगांठ का आरोप लगाया है l

पत्र में कहा गया है कि डिसीडीएफ की इमारत में 13 दुकाने और 7 भवन हैं l इमारत का निर्माण 1952 में हुआ है l आरोप है कि ए आर कोआपरेटिव और डी डिसीबी के मुख्य कार्यपालक ने 26 फ़रवरी को इमारत का मलवा 26.50 लाख में नीलाम कर दिया है l चंदरसैन नाम के व्यक्ति को बोली नहीं लगाने दी l जबकि इमारत के मलवे को चंदरसैन 35 लाख रूपये में लेने को तैयार है l कहा गया है कि मामले की जांच कराकर दोषियो के विरुद्ध कार्यवाई कराई जाये l

# यूपी-112 परफॉर्मेंस डैशबोर्ड में रामपुर पुलिस फिर आई प्रथम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- लगातार 18वीं बार रामपुर पुलिस का प्रदर्शन रहा शानदार

**अमृत विचारः** परियोजना यूपी-112 में यूपी-12 परफॉरमेंस डैशबोर्ड पोर्टल रैंकिंग सिस्टम में रामपुर जिले ने फरवरी माह में 94.72 अंक के साथ उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिला रामपुर ने लगातार 18वीं बार यह उपलब्धि हासिल की है।

जिला रामपुर वर्ष 2024 में सितंबर से दिसंबर और 2025 में जनवरी से दिसंबर तक प्रदेश में रैंकिंग में नंबर वन रहा। जबकि 2026 में जनवरी और फरवरी रामपुर का यह शानदार प्रदर्शन जारी है।

इस रैंकिंग सिस्टम में मुख्य तौर पर सभी पीआरवी का औसत रिस्पांस टाइम, एक्नॉलेजमेंट, इन रूट, अराईव टाइम, पीआरवी उपलब्धता, कॉलर फीडबैक, आरओआईपी एक्टिविटी, इवेंट क्लोजर सिस्टम, अर्ली अराईव व विजिलेंस जांच रिपोर्ट के अंकों के आधार पर जिलों की रैंकिंग तय की जाती है।


पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र।

पुलिस अधीक्षक विद्या सागर के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी यूपी 112 के कुशल नेतृत्व में परियोजना यूपी-112 जिला रामपुर उत्तर प्रदेश में लगातार 18वीं नंबर एक पर स्थान बनाने में कामयाब रहा है।

पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने यूपी 112 जिला रामपुर की टीम पूरी टीम को बधाई दी है। कहा कि यह आपके समर्पण का फल है और इसी प्रकार निरंतरता के साथ प्रयास करते रहें।

उन्होंने कहा कि जिस तरह परीक्षा के बाद सफलता में टॉप स्थान मिलता है, ये भी उसी तरह का अनुभव है।

# असंतुलित होकर पलटा ट्रैक्टर किसान की मौत

**बिजनौर, अमृत विचारः** मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुरा आलम में खेत पर काम करते समय ट्रैक्टर पलट जाने से एक किसान की मौत हो गई।

संजीव कुमार पाल (40) पुत्र मेहर सिंह पाल अपने खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा उन्हें आनन-फानन में एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। संजीव कुमार पाल किसान सहकारी समिति विजयपुर के संचालक भी थे और क्षेत्र में एक सक्रिय एवं मिलनसार व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। उनके आकस्मिक निधन से ग्रामीणों में गहरा दुख है। मंडावली थाना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भाकियू संयुक्त मोर्चा ने प्रदूषण को लेकर फूंका पुतला

संवाददाता, गजरौला



पुतला फूंकते किसान। • अमृत विचार

- समस्या का समाधान न होने तक कोई त्योहार न मनाने का एलान

अमृत विचारः भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में मंगलवार को भी जारी रहा। इस दौरान उन्होंने प्रदूषण कर रही फैक्ट्रियों का पुतला फूंका।

मंगलवार को धरने पर सैकड़ों महिलाएं ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरकर धरना स्थल पर पहुंचीं थीं। महिलाओं और किसानों ने एकमत से फैसला लिया कि जब तक क्षेत्र को आपदा प्रभावित घोषित नहीं किया जाता, स्वास्थ्य आपातकाल लागू नहीं होता और दूषित जल संकट का समाधान नहीं होता, तब तक होली, रंग एकादशी सहित कोई भी त्यौहार नहीं मनाया जाएगा। भाकियू संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि एक तरफ सरकार कैमिकल युक्त रंगों से होली न खेलने की अपील कर रही है, वहीं दूसरी ओर रासायनिक फैक्ट्रियों से पूरे क्षेत्र का पानी जहर बनाकर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। इस मौके पर प्रमुख सचिव अरुण सिद्धू व प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, जिला पंचायत के सदस्य धर्मपाल सिंह खड़गवंशी ने विचार रखे। धरना 73 दिन से चल रहा है। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, चौधरी चरण सिंह, कैलाशो, विमला, मुन्नी, ओमवती, कुसुम, सीना, लेलुम, अंगूरी, रामचरण, भगवती, देवंदरी, संतोष, बीरा, बीरवती, दयावती, कश्मीरी, सोमवती, मुस्सरात, नूरजहाँ, सूरज, मंसूर अली, समरपाल सिंह, सोमपाल सिंह, राम प्रसाद, देवराज सिंह, यशपाल सिंह, दिगराज सिंह, जसपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, मुकाम सिंह आदि समेत तमाम किसान मौजूद रहे।

# पुलिस ने किए होली पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**मैनाठेर, अमृत विचारः** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के दिशा-निर्देश पर मैनाठेर प्रभारी किरनपाल सिंह ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त और फ्लैग मार्च किया। होलिका दहन और होली के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। इस दौरान पुलिस टीम ने मैनाठेर क्षेत्र के विभिन्न होलिका दहन स्थलों और जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आयोजन से जुड़े लोगों से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। पुलिस ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम नागरिकों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए होली मनाने की अपील की गई।

## न्यूज डायरी

### आर्य समाज ने होलिकोत्सव पर कराया नवाकोष्टि महायज्ञ



**बबराला, अमृत विचार :** आर्य समाज के तत्वावधान में नगर पंचायत के सामुदायिक भवन में आदर्श होली उत्सव का आयोजन किया गया। नवाकोष्टि महायज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां अर्पित कीं। वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति में होली के आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सद्भाव, भाईचारे और मर्यादित उत्सव मनाने का संदेश दिया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में कविता पाठ और वैचारिकी की सुंदर प्रस्तुत की। कार्यक्रम में रामवीर शास्त्री, तिलक मुनि, भुवनेश आर्य, सुरेंद्र शर्मा, डॉ. राहुल यादव, नवनीत गांधी, सूर्य प्रताप यादव, तन्मय यादव, महेश आर्य, मनोज कुमार, जगदीश आर्य सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### कैंटर की टक्कर से पलटी पिकअप, 12 घायल

**बितरोई, अमृत विचार :** भोले बाबा के सत्संग से वापस लौट रहे लोगों की पिकअप को कैंटर ने साइड से टक्कर मार दी। हादसे में एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज कर इलाज कराया गया। जिला संभल के थाना बबराला क्षेत्र के गांव मेंहुआ निवासी लोग भोले बाबा का सत्संग सुनने के लिए पिकअप से पटियाली गए थे। वहां से वापस लौटते समय मंगलवार दोपहर मुजरिया चौराहा और मुजरिया गांव के बीच एसएस गर्ल्स इंटर कॉलेज के पास पीछे से तेज रफ्तार से आए एक टैंकर ने उनकी पिकअप को साइड से टक्कर मार दी। जिससे पिकअप पलट गया। जिसमें बैठे 12 लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस और एंबुलेंस पहुंची। मुजरिया के सिपाही शोभित कुमार ने घायलों को सहसवान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। पिकअप चालक योगेश कुमार पुत्र यादराम ने बताया कि घायल हुए सभी लोग एक ही गांव के रहने वाले हैं। पटियाली से सत्संग सुनकर वापस लौटते समय हादसा हुआ।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**संभल, अमृत विचार :** बहजोई क्षेत्र के पाठकपुर हाल्ट रेलवे स्टेशन के पास सोमवार दोपहर युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। ग्राम शेरूआ निवासी भगवान दास (45) पुत्र मुरली रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज रफ्तार ट्रेन आ गई। संभलने का मौका न मिलने के कारण वह ट्रेन की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कोपोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई, जिन्हें पुलिस ने समझाकर हटाया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। शव को देखकर उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### पेड़ काटने में मुतवल्ली पर मुकदमा दर्ज

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के रूस्तमपुर नियावाली गांव में मुतवल्ली ने ग्राम समाज की जमीन पर खड़े पेड़ कटवा दिए । मामले की जानकारी मिलने के बाद लेखपाल ने मुतवल्ली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। हल्का लेखपाल पुनीत कुमार की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि गांव में कब्रिस्तान के नाम पर ग्राम समाज की भूमि दर्ज है। जिस पर खड़े पेड़ों में से पापड़ी के 10 वर्ष पुराने तीन पेड़ों को मुतवल्ली जाहिद हुसैन ने अवैध तरीके से कटवाकर ग्राम समाज की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का काम किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### अग्निवीर तैयारी को लेकर युवाओं में दिखा उत्साह



**चंदौसी, अमृत विचार :** सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए 1600 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कई युवाओं ने भाग लेकर अपनी फिटनेस का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा में अभिषेक ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि प्रीतम और कमल क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। आयोजकों ने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# वॉलीबॉल में प्वाइंट को लेकर मारपीट युवक घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोपीवाला में मंगलवार को वॉलीबॉल मैच के दौरान प्वाइंट को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई, जिसमें जमकर लात-घूंसे चले और एक युवक घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार गांव में युवकों द्वारा मनोरंजन के उद्देश्य से वॉलीबॉल मैच आयोजित किया गया था। मैच के दौरान गेंद फिल्ड लाइन के पास गिरने पर प्वाइंट किस टीम को दिया जाए, इसे लेकर खिलाड़ियों के बीच बहस शुरू हो गई। कुछ ही देर में विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में हर्ष कुमार घायल हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान दूसरे पक्ष की मौके पर खड़ी बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। मैच बीच में ही रोकना पड़ा।

# हर्षोल्लास से निकाला गया गुलाल जुलूस

- जुलूस में रंग गुला उड़ाते होली गीतों पर नाचते -गाते निकाले लोग, मुस्तैद रही पुलिस

संवाददाता, बिलारी



गुलाल के जुलूस में शामिल नाचते-गाते लोग। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर मेला कमेटी के तत्वावधान में जुलूस समिति के नेतृत्व में मंगलवार की देर शाम गुलाल का परंपरागत जुलूस डीजे और बैंड बाजे के साथ धूमधाम से निकाला गया।

शाम 7:00 बजे ढोल डीजे आदि लेकर श्रद्धालु नगर के ऐतिहासिक झंडा चौक पर एकत्र हुए वहां से रंग बिरंगा गुलाल उड़ाते हुए होली गीतों पर नृत्य करते सभी लोग आगे बढ़े। रैली चौक पर धूमधड़ाका करते हुए नेहरू चौक, पुरानी ओबीसी रोड से नई सड़क पर गुलाल उड़ाते हुए गांधी मूर्ति चौराहे पर पहुंचे वहां से बस स्टैंड कोतवाली के सामने से महाराणा प्रताप चौक, पौड़ाखेड़ा मंदिर, पुरानी तहसील, पैंठ बाजार, जूनियर हाई स्कूल से मुड़कर प्रथमा बैंक रोड सर्राफा बाजार नेहरू मूर्ति रैली चौक झंडा चौक से शकील हलवाई के आगे से मुड़कर डॉक्टर मदन बंसल एवं शिव मंदिर के आगे होता हुआ एवज पहलवान के बराबर से मुड़कर सिंघाड़ियों वाली गली, मढ़ी कोरियान होता हुआ नागों वाले मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन, जुलूस समिति के अध्यक्ष कौशल ठाकुर, होली जुलूस कमेटी के अध्यक्ष कौशल ठाकुर, पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, रामनिवास शर्मा, दुष्यंत चौहान, गिरीश गर्ग, चिराग अग्रवाल, निहाल सिंह लाठर, अलंकार शर्मा, अभिषेक शर्मा, अजय अग्रवाल एडवोकेट, नीरज रूहेला, गौरव चौहान, मोहनलाल शर्मा, रामवीर सिंह आदि रहे।

